# प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'चौवालीस'

[ 22/7/2016]

विधान सभा प्रश्न सं. [ क्र. 1018 ] 4.S. 1018

परिशिष्ट - अं

परिशिष्ट "अ"

मान. मुख्यमंत्री जी द्वारा भिण्ड प्रवास पर दिनांक 27.02.2016 को की गई घोषणाओ की जानकारी निम्नानुसार है :-

| स.कं. | घोषणा का क्रमांक एवं दिनांक | की गई घोषणा | घोषणा के कियान्वयन की अद्तन जानकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | B1747<br>दि0 27.02.16 | भिण्ड में सैनिक स्कूल की स्थापना की जावे । | घोषणा परीक्षण की स्थिति मे होकर म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मे प्रकियाधीन है। |
| 2 | 4239<br>दि0 27.02.16 | भिण्ड शहर में सीवर लाईन की व्यवस्था की जावेगी जिसके लिए आवश्यक धन राशि स्वीकृत की जावेगी। | भिण्ड जिले मे अमृत योजना के अंतर्गत सीवर लाइन बिछाने हेतु नगरपालिका भिण्ड द्वारा 100 करोड की डी.पी.आर. तैयार की गई है। जो राज्य शासन को प्रस्तुत की जा रही है । |
| 3 | B1748<br>दि0 27.02.16 | उघानिकी मिशन के अंतर्गत भिण्ड जिले को सम्मिलित किया जावेगा। | भिण्ड जिले की एकीकृत बागवानी विकास मिशन एनएचएम में शामिल करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था। भारत सरकार द्वारा भिण्ड जिले को एन. एच.एम. मे शामिल करना स्वीकार नही किया है । |
| 4 | B1749<br>दि0 27.02.16 | भिण्ड नगर मे इंदिरा गांधी चौराहे से सुभाष तिराहे तक सी0सी0 सडक का निर्माण किया जावेगा। | भिण्ड नगर मे इंदिरा गांधी चौराहे से सुभाष तिराहे तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य के संबध मे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संचालनालय म0प्र0 भोपाल के पत्र क0 4143 दिनांक 17.03.16 द्वारा नगर पालिका भिण्ड से प्रस्ताव चाहा गया है जिसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है । |
| 5 | B1750<br>दि0 27.02.16 | भिण्ड शहर को पेयजल व्यवस्था हेतु वित्तीय सहायता एवं आवश्यकता पडने पर चंबल से पानी लाने हेतु कार्यवाही की जावेगी। | इस योजना की स्वीकृति हेतु डी.पी.आर. तैयार करवाकर प्रस्ताव संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जावेगी, उक्त डी.पी.आर. 136.40 करोड की तैयार की गई है। |
| 6 | 4240<br>दि0 27.02.16 | कनेरा अटेर उदवहन सिंचाई योजना को चालू कराने का प्रयास किया जावेगा। | कनेरा उदवहन सिंचाई परियोजना चंबल घडियाल क्षेत्र मे होने के कारण राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की 22वीं बैठक दिनांक 25.04.2011 में परियोजना के निर्माण की अनुमति नही दिये जाने से भारत सरकार पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्रालय के पत्र दिनांक 10.05.2011 के अनुसार परियोजना के निर्माण को रोक दिया गया है। चंबल नहर प्रणाली के सुदढीकरण उपरांत परियोजना के सैच्य क्षेत्र में सिंचाई की जा रही है। जलसंसाधन विभाग म0प्र0 शासन के द्वारा दिनांक 12.02.16 की फालोअप |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | रिपोर्ट मे कनेरा परियोजना की आवश्यकता न होने का उल्लेख किया है । |
| 7 | B1751 दि0 27.02.16 | ग्राम टेहनगुर से ग्राम हिलगवां के मध्य सिंध नदी पर ब्रिज निर्माण किया जावेगा। | ग्राम टेहनगुर से ग्राम हिलगवां के मध्य सिंध नदी पर ब्रिज निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग भिण्ड के द्वारा किया जावेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग भिण्ड द्वारा डी.पी.आर. तैयार की जा रही है, राज्य शासन से स्वीकृति उपरांत मान. मुख्यमंत्री जी की घोषणा पर अमल किया जावेगा। |

कलेक्टर
जिला भिण्ड